रजिस्ट्री सं. डी एल--33001/94 REGISTERED NO. DL-33001/94

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 27] नई दिल्ली, शनिवार, जुलाई 2, 1994, (आषाढ़ 11, 1916)
No. 27] NEW DELHI, SATURDAY, JULY 2, 1994, (ASADHA 11, 1916)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान

(चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस)

मद्रास-600034, दिनांक 16 मई, 1994

सं० 3-एस० सी० ए० (5)/14/93-94 :— इस संस्थान की अधिसूचना सं० 3-एस० सी० ए० (4)/3/93-94 दिनांक 11 जनवरी 1994 के सन्दर्भ में चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 20 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुनः उनके आगे दी गई तिथियों से स्थापित कर दिया है :

क्रम संख्या	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	9695	श्री वेंकटासुब्रामनियन पी० वी०, एफ० सी० ए, फ्लैट नं० 10, ब्लोक बी, पी० ए० बिल्डिंगस 1 जीवा रत्नम नगर, अड्यार, मद्रास-600020	1-10-93
2.	10364	श्री मनी जी० ए० सी० ए, प्रोजेक्ट डवलपमेंट मैनेजर किंग मैन्युफैक्चरिंग कं० लि०, पी० ओ० बाक्स 500, मुशिन लागोस, नाइजीरिया	1-10-93
3.	14831	श्री देसिकन वी० ए० सी० ए चार्टर्ड एकाउन्टेन्स, 5, सुन्दरराजा नगर, सुब्रामणिपुरम तिरुचिरापल्ली 620020	1-10-93
4.	15517	श्री विनोद शर्मा ए० सी० ए० चीफ फाइनेन्स मैनेजर (एल० पी० जी०), इण्डियन आयल कारपोरेशन लि०, 139, नन्गम्बक्कम हाई रोड मद्रास-600034	1-10-93

1	2	3	4
5.	19657	श्री प्रभाकर बी० ए, ए० सी० ए०, तेजस्वी, 1169, 1 मेन 2 ब्लाक बेल लेआउट, विद्यारान्यापुरा, बंगलौर-560013	1-10-93
6.	19952	श्री गैंटोन्डे गिरिश एम०, एफ० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, सप्तापुर, थर्ड क्रास, धारवाड़-580001	1-10-93
7.	20387	श्री महिधर के०, ए० सी० ए, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट, प्लाट नं० 44, फ्लैट 102, मेघना अपार्टमेंट्स, भाग्या नगर कॉ० कुकाटपल्ली, हैदराबाद-500872	1-10-93
8.	20486	श्री कल्यानारामन, एस०, ए० सी० ए, 1423 बी, अमोदू तिजानी स्ट्रीट, विक्टोरिया आइलैंड पी० बी० नं० 7793, लागोस, नाइजिरिया	1-10-93
9	21117	श्री देवादास एस०, एफ० सी० ए, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट, 211, 9 मेन रोडपा ब्लाक, जयानगर, बंगलौर-560011	1-10-93
10.	21145	श्री राम आर०, ए० सी० ए, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट, 5, रुकमनी रोड, कालाक्षेत्रा कालोनी, बेसंत नगर, मद्रास-600090	1-10-93
11.	21259	श्री बाबू थियागाराजन, ए० सी० ए, 111, बेंजामिन कोर्ट, बेटोन एनजे, 8810, यू० एस० ए०	1-10-93
12.	21356	श्री चन्द्रशेकरन, बी० जी, ए० सी० ए०, 12, रामन स्ट्रीट बी० 3 अलंकार आपार्टमेंट, टी० नगर, मद्रास-600017	1-10-93
13.	21607	श्री शैक मोहिदीन एस०, एफ० सी० ए० चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट, पेट्टइ, कदयानाल्लुर 627751	1-10-93
14	21653	श्री सम्पथ कुमार एस० ए० एफ० सी० ए, फ्लैट नं०-16, 40, सर सी पी रामास्वामी रोड, अभिरामापुरम मद्रास-600018	1-10-93
15	21696	श्री संथानम एन०, ए० सी० ए, सीनियर एकाउन्टेन्ट्स आफिसर भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लि० मैसूर रोड बंगलौर-560026	1-10-93
16	22809	श्री सुब्बा राव के० बी०, ए० सी० ए, एसिसटेंट मैनेजर (एफ०), ए० पी० इस्टेट फाइनेनशियल कारपोरेशन 3-4-21 मैन रोड, संगारेड्डी-502001	1-10-93
17	22881	श्री नुकाराजू करागानी, एफ० सी० ए० सीनियर एकाउन्टेन्टस आफिसर मिल्क प्रोडक्टस फैक्टरी, विजयवाडा-520009	1-10-93
18	23174	श्री शेषागिरी, के० वी० एफ० सी० ए, चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस, 732, ओप्पनाकारा स्ट्रीट, 3 फ्लोर कोयम्बटूर-641001	1-10-93
19	23232	श्री अशोक पी०, ए० सी ए, के० आई० एच०एफ० डी फ्लैटस, 27, डा० अम्बेडकर रोड, वेलान्कीपलायाम पोस्ट कोयम्बटूर-641025	1-10-93
20	23638	श्री धम्मांगी यू० जी०, ए० सी० ए, चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस, 1938, कावालकर गल्ली, कर्नाटका इस्टेट बेलगांव-590002	1-10-93
21	23748	श्री अरामवलरपन एस०, ए० सी० ए, मुलाप्पकम, मन्नपमण्डल-609305	1-10-93
22	24038	श्री धर्मालिंगम बी० ए० सी० ए, 3 एस सनफ्लोवर अपार्टमेंटस, मण्डापम क्रास रोड, किलपोक, मद्रास-600010	1-10-93
23	24186	श्री नेगालूर रघवेन्द्रा वेंकटेश, एफ० सी० ए चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस, लक्ष्मी निवास, फस्ट फ्लोर, टोरवी गल्ली, हुबली-580020	1-10-93

1	2	3	4
24	24300	श्री रघावन एम० बी, एफ० सी० ए, चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस 1, ए० पी० अरासु स्ट्रीट, कोडमेयूर रोड, मुलाकाबाई, मद्रास–600051	1–10–93
25	24426	श्री कृष्णामूर्थी एस० पी०, ए० सी० ए, नं० 12 साउथ स्ट्रीट, चप्राहाराम, सिगानाल्लुर, कोयम्बटूर–641005	1–10–93
26	24640	श्री सुधीर बाबू के० बी०, ए० सी० ए, कन्ट्रोलर आफ फाइनेन्स एण्ड एकाउन्टेन्टस, ग्रेटर कोचीन डवलपमेंट अथोरिटी, काडावन्थरा कोचीन–682020	1–10–93
27	24713	श्री अन्नादुराई पी०, ए० सी० ए०, नं० 5 एस० सी० पी०, फ्लैटस, 13, चक्रापाणी स्ट्रीट एक्सटेंशन, वेस्ट मम्बालम, मद्रास–600033	1–10–93
28	24715	श्री ग्रोसकार सी मलकुमरर, ए० सी० ए, केयर आफ ए बी एम आमरो बैंक, पी० ओ० बाक्स 2567, दुबई, यू० ए० ई०	1–10–93
29	25112	श्री ग विन्द राजन आर०, ए० सी० ए, सीनियर ब्रांच मैनेजर, सी० आई० सी हाउसिंग फाइनेन्स लि०, विनायक कोम्पलेक्स, 44/45 रेजीडेंसी रोड, क्रोस बंगलौर–560025	1–10–93
30	25163	श्री नरासिम्हाचारी एस० एन०, एफ० सी० ए चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस, 188, गांधी रोड तिरूपती–517501	1–10–93
31	25199	श्री मोहन कुमार ए० बी०, ए० सी० ए० चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस नं० 13, मंजुनाथा निलाया विवेक नगर, एक्सटेंशन बंगलौर–560047	1–10–93
32	25687	श्री ग्नानासेकरन, बी० ए० सी० ए चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस नं० 38, नेहरू नगर पान्डिचेरी–605011	1–10–93
33	26183	श्री ग [illegible] शवा राव के ए० [illegible]० ए, 8–[illegible]–977/8/5, येल्ला रेड्डीगुड्डा हैदराबाद–500873	1–10–93
34	26342	श्री वसन्थ कुमार सी० आर० एफ० सी० ए चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस जे० पी० एन० रोड शिमोगा 577201	1–10–93
35	26952	श्री वी० अरूणाचलम ए०सी० ए नेल्लीयन स्टोक्स 127 1 फ्लोर डी० एस० रोड, आर० एस० पुरम कोयम्बटूर–641002	1–10–93
36	26859	श्री कृष्णनन जी०, एफ० सी० ए, चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस प्रेमियर शापिंग काम्पलेक्स, 1 फ्लोर 102, सरधा कालेज, मेन रोड सेलम–636016	1–10–93
37	27077	मिस विजयाश्री डी० चारी ए० सी० ए नं० 89, हबिबुल्लाह रोड, टी० नगर मद्रास–600017	1–10–93
38	27626	श्री नरसिम्हा रेड्डी एम०, ए० सी० ए चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस न० 530/39, 10 सी मेन रोड 6 ब्लाक राजाजीनगर बंगलौर–560010	1–10–93
39	27756	श्री मधुकर बाबू के० ए० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस, प्राइस वाटर हाउस, पी० ओ० बाक्स, 26403, मनामा बहरीन	1–10–93
40.	28072	श्री मोहना राव पी०, ए० सी० ए० प्लाट नं० 14, सालीवाहना नगर कालोनी नियर श्रीनगर कालोनी, हैदराबाद–500873	1–10–93
41.	28165	श्री गनेश च० एस० आर० बी० जी० के० ए० सी० ए एसिस्टेंट मैनेजर(एफ० एण्ड ए०) विशाखापटनम स्टील प्लांट, एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग्स विशाखापटनम–530031	1–10–93
42.	28232	श्री वज्जलू जयन्थी, ए० सी० ए० चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट फ्लैट नं० 18, बबिना अपार्टमेंटस, बिहाइंड चौधरी मैंसन, अमीरपेट, हैदराबाद–500016	1–10–93

1	2	3	4
43.	28275	श्री रमेश के० एं० सी०ए० चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट नं० 8, 11 स्ट्रीट, तांसी नगर, वेलाचेरी मद्रास-600042	1-10-93
44.	28941	श्री खटर रमेश कुमार के० ए० सी० ए० चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस 153, मिन्ट स्ट्रीट "भासिरबाद", 1 फ्लोर मद्रास-600079	1-10-93
45.	29154	श्री नारायनन एस० ए० सी० ए० नं० 33, 2 मारथियार स्ट्रीट, पलावन्थंगल, मद्रास-600114	1-10-93
46.	29155	श्री कान्न एस० आर०, ए० सी० ए० एकाउन्टेन्ट बहरेन फाइनेनसिंग कम्पनी, पी० ओ० बाक्स 243, मनामा स्टेट आफ बहरेन	1-10-93
47.	29183	श्री शिवारामन एस०, ए० सी० ए ए० एल० 112, 11 मैन रोड, अन्ना नगर, मद्रास-600040	1-10-93
48.	29255	श्री प्रसाद के०, ए० सी० ए० एल० यूसुफ इन्टरनेशनल एन्टरप्राइजिज, पी० बी० नं० 200, पी० कोड 113, मस्कट सल्तनत आफ ओमान	1-10-93
49.	29276	श्री ग्नानासकरन ई० एस, ए० सी० ए० चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट 43, न्यम अग्राहरा स्ट्रीट इरोड-638001	1-10-93
50.	29375	श्री नाथ ए० एस०, ए० सी० ए० चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट एच-3, जवाहर नगर त्रिवेन्द्रम-695041	1-10-93
51.	29400	श्री कृष्णामूर्ती नायडू पी०, ए० सी० ए, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट फ्लाट नं० 201, प्रासाश्थ अपार्टमेंटस (ओल्ड) सुभाष नगर, श्रीनगर, कालोनी हैदराबाद-500873	1-10-93
52.	29479	श्री लक्ष्मी प्रसाद वी, ए० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट 1-2-597/6, लोवर टेंक बन्द रोड, डोमालगूडा, हैदराबाद-500029	1-10-93
53.	29525	श्री कलाइसलागन डी० ए० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स 9, बी० के० एच० बिल्डिंग 5, थेम्मामारन स्ट्रीट वेल्लोर-632001	1-10-93
54.	29560	श्री अब्दुल कादिर जैलानी रूकनुद्दीन ए० सी० ए० केयर आफ सिद्दीकी एण्ड बाशा एंट, पोस्ट बाक्स नं० 3235, दुबई, यू०ए० ई०	1-10-93
55.	29596	श्री रामाकृष्णा रेड्डी, आर०, ए० सी० ए० चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस 7/4/1, 2 फ्लोर, 5 ब्लाक, 59 क्रोस नियर भाग्यम सर्कल बंगलौर-5 0010	1-10-93
56.	29707	श्री वेंकट (केस) के०, ए० सी० ए० चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट 102 सश्री पेलेस, हिमायतनगर, हैदराबाद	1-10-93
57.	29745	श्री बालाकृष्णन पी०, ए० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट डी नं० 24, 1 फ्लोर, 3 स्टेज 2 ब्लाक, बसवेश्वरा नगर (नियर अपैक्स बैंक) बंगलौर-560079	1-10-93
58.	29762	श्री गिरिधर जी०, ए० सी० ए० चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट एफ 5 एण्ड 7 हैदराबाद बिजनेस सेन्टर हैदरगुडा हैदराबाद-500029	1-10-93
59.	29928	श्री प्रथिमा ए० एन० ए० सी० ए०, 150, 32 "ए" मेन 5 क्रोस, 3 लेआउट जे० पी० नगर फेज-1 बंगलौर-560078	1-10-93
60.	29982	श्री सुरेश एन० ए० सी० ए०, 56, एस० एन० आर० फ्लैट्स, जुबिली रोड, वेस्ट मम्बालम, मद्रास-600033	1-10-93
61.	31507	श्री मनोहर लाल पलरेचा, ए० सी० ए०, 50, मोरकायल स्ट्रीट, फस्ट फ्लोर, पुरसवाकम हाई रोड, मद्रास-600007	1-10-93

1	2	3	4
62.	41134	श्री कोप्पिकर योगिर मोहन, ए० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट, बी—3, कृष्णा सीला 29, 8 मैन रोड, मालेश्वरम, बंगलौर—560003	1—10—93
63.	62333	श्री रामचन्दर सुमुलुक बी, ए० सी० ए०, 2—2—3/ए/3 बी, दुर्गाबाई देशमुख रोड हैदराबाद—500007	1—10—93
64.	73178	श्री सरंगापानल सी० एन०, ए० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट, 1—1—515 नियर बालाजी थियेटर काम्पलैक्स, गांधी नगर, हैदराबाद—500380	1—10—93
65.	83838	श्री रामन ए० एन०, ए० सी० ए०, डायरेक्टर स्विकोन मैनेजमेंट सर्विसिज (प्रा०) लि०, 249 साफी हाऊस (फस्ट फ्लोर), हाउण्ट रोड (अपोजिट तेयनमपेट कोंग), मद्रास—600006	1—10—93
66.	87579	श्री आशीष कनकन, ए० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट, सी—3/104, कमल अपार्टमेंट्स, बनी पार्क जयपुर ।	1—10—93
67.	200202	श्री रोबसन जोयल बी०, ए० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट, 60, 2 मैन रोड, आर० ए० पुरम०, मद्रास—600028	1—10—93
68.	200204	श्री सुधीर राव एम०, ए० सी० ए०, 'समा" 11 8 मेन 4 ब्लाक, बानाशंकारी 3 स्टेज, बंगलौर—560085	1—10—93
69.	200214	श्री बगवतुला चन्द्रा मोहन, ए० सी० ए०, डी० नं० 47—3—36, द्वारकानगर, विशाखापटनम—530016	1—10—93
70.	200430	श्री श्रीनिवासन के०, ए० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट 612—ए० मेन रोड, कोविलपट्टी—627702	1—10—93
71.	200559	श्री अनन्या पदमानाभा एलसे ए०, ए० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट, 14/8, नरायनी अपार्टमेंट्स, श्रीनगेरी मट्ट रोड, आर० ए पुरम, मद्रास—600028	1—10—93
72.	200612	श्री मनोहर एस०, ए० सी० ए०, धनराम पोस्ट (वाया) पित्तूर, चित्तूर—517587	1—10—93
73	200628	श्री मृत्युनजया अनन्त हेगड़े, ए० सी० ए०, रूम नं० 6, 2 फ्लोर, 104/1, स्वास्तिक काम्पलेक्स, एस० सी० रोड, शेसाद्रीपुरम, बंगलौर—560020	1—10—93
74	200685	श्री मोहना मुराली एस०, ए० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट, प्लाट नं० 45, सोजन्या कालोनी, न्यू बोवनपल्ली, सिकन्दराबाद—500011	1—10—93
75.	201288	श्री आनन्दारामाकृष्णन के०, ए० सी० ए०, 56, ओवर मेंसन, 23 मिल्सं रोड, किलपोक, मद्रास—600010	1—10—93
76.	201829	मिस सुजाथा फ्रेडरिक, ए० सी० ए०, नेशनल एरोमेटिक्स एण्ड टी डी पेट्रोकेमिकल्स कारपोरेशन लि०, 480, अन्ना सलाई नन्दनम, मद्रास—600035	1—10—93
77.	202260	श्री राबुला श्रीधर राव, ए० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट 2, सेन्ट्रल व्यूज अपार्टमेंट, न्यू बोईगुडा, सिकन्दराबाद ।	1—10—93
78	202454	श्री प्रसन्ना एम० पी०, ए० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट, नं० 1154, 3 मेन, 5 क्रास, अपोजिट राराराजेश्वरी, कल्याण मन्ता, प्रकाश नगर, बंगलौर—560021	1—10—93

ए० के० मजूमदार
सचिव

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक

सं. एन-15/13/14/8/87-यो. एवं वि.—(2) कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य विनियम-1950 के विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा-46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 16-5-1994 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम 95-क तथा तमिल नाडु कर्मचारी राज्य बीमा नियम–1954 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ तमिल नाडु राज्य में निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जायेंगे ।

अर्थात् :

"जिला एवं तालुक सलेम में राजस्व ग्राम इरूमापालायम, मसीनाइकानपट्टी, रेडीयूर ग्रुप और कन्डमपट्टी के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र" ।

ओ. अब्दुल हमीद,
निदेशक (यो. एवं वि)

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

बम्बई, दिनांक 6 जून 1994

सं. यू टी/डी बी डी एम/2125ए/एस पी डी 71 एफ/93-94—भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 की धारा 19 (1) (8) (सी) के अंतर्गत निर्मित मासिक आय यूनिट प्लान 1994(2) और भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अंतर्गत बनाई गई मासिक आय यूनिट योजना 1994 (2) के प्रावधान 2 मई, 1994 को हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किए गए हैं और 16 मई, 1994 को हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में संशोधित किए गए हैं, जो इसके नीचे प्रकाशित किए जाते हैं ।

जी. प्रदीपकुमार,
उप प्रबंधक
व्यवसाय विकास और विपणन विभाग

मासिक आय यूनिट प्लान 1994(2)

एम आइ पी 1994(2)

भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 21 और उक्त अधिनियम की धारा 19 (1) (8) (सी) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय यूनिट ट्रस्ट बोर्ड द्वारा निम्नलिखित उपबंधों के अनुसार ऐसी यूनिट योजना से संबंधित मासिक आय यूनिट योजना और प्लान बनाता है ।

मासिक आय यूनिट योजना 1994 (2) के उपबंध

[एम आइ यू एस 1994 (2)]

1. संक्षिप्त शीर्षक और योजना का आरम्भ :

(1) यह योजना मासिक आय यूनिट योजना 1994 (2) [एम आइ यू एस 1994 (2)] कही जाएगी ।

(2) यह 23 मई, 1994 को लागू होगी ।

यह योजना 1 जुलाई, 1994 से 30 जून, 1998 तक चार वर्ष की अवधि के लिए होगी ।

(3) यूनिट की बिक्री की अवधि 23 मई, 1994 से 6 जून, 1994 तक केवल 15 दिन की होगी ।

लेकिन, अध्यक्ष या कार्यपालक न्यासी प्रमुख समाचार पत्रों में या यथास्थिति किसी अन्य तरह से 7 दिन की पूर्व सूचना देकर कभी भी इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में यूनिट की बिक्री स्थागित कर सकता है या उसकी अवधि बढ़ा सकते हैं ।

2. परिभाषाएं :

इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) "अधिनियम" का अर्थ है भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 है;

(ख) "स्वीकृति तिथि" का अर्थ ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए किसी आवेदक द्वारा ट्रस्ट को प्रेषित आवेदन पत्र के संदर्भ में वह तिथि है जब ट्रस्ट संतुष्ट होकर समझता है कि आवेदन सही है और

(ग) "आवेदक" का अर्थ है योजना के अंतर्गत किसी आवेदक से है और उसमें मानसिक विकलांग व्यक्ति के लिए यूनिट की बिक्री के प्रयोजनार्थ आवेदन पत्र में उल्लिखित वैकल्पिक आवेदक शामिल है ।

(घ) "आवेदन" का अर्थ प्लान के खंड 2 में संदर्भित आवेदन है ।

(ङ) "पात्र संस्था" का अर्थ भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य नियमावली 1964 में यथापरिभाषित कोई पात्र ट्रस्ट है और उसमें ऐसा निजी ट्रस्ट शामिल है, जो किसी लिखत द्वारा निर्मित हो अप्रतिसंहरणीय हो और तत्समय प्रवृत्त केन्द्रीय या राज्य अधिनियम के उपबंधों के द्वारा या उसके अंतर्गत प्रशासित, नियंत्रित या पर्यवेक्षित कोई धर्मार्थ या धार्मिक न्यास या धर्मार्थ या पंजीकृत समिति हो या पंजीकृत सहकारी समिति हो ।

(च) "मानसिक विकलांग व्यक्ति" का अर्थ वह व्यक्ति, जो इस प्रकार की मानसिक अक्षमता से ग्रस्त हो, जो जीवन के सामान्य कार्य करने से वंचित रहता हो और पंजीकृत चिकित्सा द्वारा उसी रूप में प्रमाणित हो ।

(छ) "निर्गत समझी जाने वाली यूनिटों की संख्या" का अर्थ बिक्री की गई और बकाया शेष यूनिटों की कुल संख्या है ।

(ज) "व्यक्ति" में ऊपर यथा परिभाषित पात्र संस्था शामिल है ।

(म) "मान्यता प्राप्त शेयर बाजार" का अर्थ वह शेयर बाजार है, जिसे तत्समय प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (1956 का 42) के अंतर्गत मान्यता प्राप्त है ।

(य) "विनियमावली" का अर्थ है अधिनियम की धारा 43(1) के अंतर्गत बनी भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली 1964 है ।

(ट) "समिति" का अर्थ तत्समय प्रवृत्त राज्य या केन्द्रीय विधि के अंतर्गत स्थापित समिति है ।

(ठ) "यूनिट" का अर्थ यूनिट पूंजी में दस रुपए के अंकित मूल्य का एक अविभक्त शेयर है ।

(ड) "सदस्य" योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में अभिव्यक्ति के रूप में प्रयुक्त सदस्य का अर्थ है और उसमें शामिल है वह आवेदक, जिसे इस योजना में यूनिट आबंटित की गई है ।

(ढ) "वैकल्पिक आवेदक" का अर्थ नाबालिग के मामले में वह माता-पिता है, जो नाबालिग की ओर से आवेदन करने वाले माता-पिता से हो ।

(ण) इसमें अपरिभाषित लेकिन अधिनियम में परिभाषित अन्य सभी अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम में दिये गये हैं ।

3. इस योजना से संबंधित आस्तियों का मूल्यांकन ।

(1) इस योजना में आस्तियों के मूल्यांकन के प्रयोजनार्थ आस्तियों का वर्गीकरण निम्नलिखित रूप में किया जाएगा :

(अ) नकदी (आ) निवेश और (इ) अन्य आस्तियां ।

(2) निवेशों के मूल्यांकन में निम्नलिखित लिए जाएंगे :

अ. (क) जिस कार्य दिवस को मूल्यांकन किया जाएगा उस कार्य दिवस को ट्रस्ट द्वारा धारित इस योजना से संबंधित प्रतिभूतियों का शेयर बाजार में बन्द मूल्य, लेकिन जहां प्रतिभूति का भाव एक से अधिक शेयर बाजारों में कोट हो रहा हो, वहां ऐसी प्रतिभूति के मूल्य निर्धारण की विधि ट्रस्ट द्वारा तय की जाएगी ।

(ख) जहां संबंधित अवधि में किसी भी मान्यता प्राप्त शेयर बाजार में किसी निवेश का सौदा नहीं हुआ हो या भाव कोट नहीं किया गया हो, ऐसी परिस्थितियों में ट्रस्ट ऐसे निवेश का जो भी मूल्य तय करेगा, वही उचित मूल्य होगा और

आ. निम्नलिखित जोड़े जाएंगे :

(क) ब्याज अर्जित करने वाली जमा राशियों के मामले में प्रोद्भूत लेकिन अप्राप्त ब्याज;

(ख) सरकारी प्रतिभूतियों और डिबेंचरों के मामले में प्रोद्भूत लेकिन अप्राप्त ब्याज, और

(ग) लाभांश रहित भाव वाले अधिमान शेयर और इक्विटी शेयर के मामले में घोषित लेकिन अप्राप्त लाभांश ।

(3) अन्य आस्तियों का मूल्यांकन उनके अंकित मूल्य पर किया जाएगा ।

4. योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के प्रयोजनार्थ ट्रस्ट द्वारा स्वीकृति और मान्यता नहीं दिया जाना :

(1) जो व्यक्ति सदस्य के रूप में पंजीकृत है और जिसके नाम से सदस्यता सूचना जारी की गई है, वही व्यक्ति ट्रस्ट द्वारा सदस्य के रूप में मान्य होगा और चूंकि ऐसी यूनिटों में उसका अधिकार, हक और हित है, इसलिये ट्रस्ट ऐसे सदस्य को उसके पूर्ण स्वामी के रूप में मान्यता देगा और इसके विपरीत किसी नोटिस से या न्यास निष्पादन की नोटिस से उस बात को छोड़कर जैसा इसमें व्यक्त रूप से कहा गया हो या सक्षम अधिकारिता वाले न्यायालय द्वारा आदेश दिया गया हो कि इस योजना से संबंधित यूनिटों में हक को प्रभावित करने वाले किसी न्यास या इक्विटी या अन्य हित को मान्यता दी जाए, बाध्य नहीं होगा ।

(2) जब कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति जो मानसिक रूप से विकलांग है, के लाभ के लिये आवेदन करता है और ट्रस्ट द्वारा उसे स्वीकार किया जाता है तो यह नहीं माना जाएगा कि ट्रस्ट किसी न्यास को ध्यान में रखेगा । ट्रस्ट योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के अंतर्गत सभी प्रयोजनों के लिये आवेदक या आवेदक की मृत्यु होने पर आवेदन पत्र में वैकल्पिक आवेदक के रूप में उल्लिखित व्यक्ति के साथ व्यवहार करेगा ।

5. यूनिट का अंतरण :

इस योजना में निर्गत यूनिट अंतरणीय/गिरवी रखने योग्य/समनुदेशनीय नहीं है ।

6. निवेश सीमा :

(1) किसी भी कम्पनी की प्रतिभूतियों में ट्रस्ट द्वारा योजना की निधि का निवेश ऐसी कम्पनियों के निर्गत और बकाया प्रतिभूतियों के 15% से अधिक नहीं होगी । लेकिन, किसी नये औद्योगिक उपक्रम द्वारा प्रारम्भ में निर्गत पूंजी में ऐसा कुल निवेश उक्त निधियों की कुल राशि के 5% से अधिक नहीं होगी ।

(2) उप खण्ड (1) में निर्धारित सीमा किसी कम्पनी के सूचीकृत या असूचीकृत बांड और डिबेंचर तथा जमा राशि में ट्रस्ट के निवेश पर लागू नहीं होगी ।

7. विकास प्रारक्षित निधि अंशदान :

इस योजना के अंतर्गत संग्रहित निधि का 0.25% पहले वर्ष में यू टी आई के विकास प्रारक्षित निधि में और उसके बाद शुद्ध औसत मूल्य प्रतिवर्ष 0.05% की दर से अंशदान करने के लिये अलग रख दिया जाएगा ।

8. लेखे का प्रकाशन :

ट्रस्ट प्रत्येक वर्ष 30 जून के बाद यथाशीघ्र बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से लेखों को प्रकाशित करेगा, जिसमें उस तिथि को संभाव्य अवधि की योजना और उसके अंतर्गत बने

प्लान के कार्यों का विवरण होगा । ट्रस्ट किसी सदस्य से लिखित अनुरोध प्राप्त होने पर उसे प्रकाशित लेखे की एक प्रति भेजेगा ।

9. योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में परिवर्धन और संशोधन :

बोर्ड समय-समय पर इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में परिवर्धन या अन्यथा संशोधन कर सकता है और उसमें किए गए परिवर्धन/संशोधन की अधिसूचना कार्यालयीन गजट में की जाएगी ।

10 योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की पूर्णतः समाप्ति 30 जून 1998 को होगी । जिन सदस्यों ने योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान की पूरी अवधि तक भाग लिया है, उन्हें इस प्रयोजनार्थ निर्धारित अंतिम पुनर्खरीद मूल्य पर यूनिट के मूल्य का भुगतान किया जाएगा । ट्रस्ट निगम/रजिस्ट्रार कार्यालय में पुनर्खरीद पत्र सहित सदस्यता सूचना की प्राप्ति के 3 सप्ताह के भीतर सदस्यों को पुनर्खरीद मूल्य आगम का भुगतान करने का प्रयास करेगा । निर्धारित अंतिम पुनर्खरीद मूल्य के अलावा बाद की किसी अवधि के लिये पुनर्खरीद मूल्य में वृद्धि या लाभांश के रूप में किसी प्रकार का कोई अतिरिक्त लाभ उपचित नहीं होगा । पुनर्खरीद के लिये प्राप्त सदस्यता सूचना और अन्य फार्म निरस्तीकरण के लिये रख लिये जाएंगे ।

11. योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की प्रति उपलब्ध कराई जाएगी :

योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान की प्रतिलिपि सभी संशोधन सहित पूरे कार्य-समय के दौरान ट्रस्ट के कार्यालयों में निरीक्षण के लिये उपलब्ध रहेगी और आवेदन करने तथा पांच रुपये का भुगतान करने पर किसी भी व्यक्ति को उसकी आपूर्ति की जाएगी ।

12. उपबंधों के निर्वचन का अधिकार :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध के निर्वचन में कोई संदेह उत्पन्न होने पर केवल अध्यक्ष और यदि कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो, तो कार्यपालक न्यासी को योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के उपबंधों का निर्वचन का अधिकार होगा । ऐसा निर्वचन किसी भी रूप में प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला या योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की मूल संरचना के विपरीत नहीं होगा तथा ऐसा निर्णय निश्चायक, बाध्यकारी और अंतिम होगा ।

इसके अंतर्गत बने योजना के प्रावधान और प्लान के प्रावधान जैसे योजना में कहा गया है, तक दूसरे को संयुक्त पढ़ा जाए ।

13. उपबंधों का शिथिलीकरण/परिवर्तन/संशोधन :

केवल अध्यक्ष और यदि कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो तो ट्रस्ट का कार्यपालक न्यासी कठिनाइयों को कम करने के उद्देश्य से या योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के निर्बाध और सहज संचालन के लिये योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध को शिथिल, परिवर्तित या संशोधित कर सकते हैं, बशर्ते किसी सदस्य या सदस्य वर्ग के लिए ऐसा करना समीचीन हो ।

14. योजना और उसके अंतर्गत बना प्लान सदस्यों के लिये बाध्यकारी होगा :

इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान की शर्तों के साथ समय-समय पर इसमें किये गये संशोधन और परिवर्तन प्रत्येक सदस्य और उसके माध्यम से दावा करने वाले हरेक अन्य व्यक्ति, मानो वे योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के उपबंधों में अंतर्विष्ट किसी बात के बावजूद ऐसा करने के लिये बाध्य हों, के लिये बाध्यकारी होंगे ।

15. सदस्यों को लाभ :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति के समय पूंजी, प्रारक्षित निधि और अधिक राशि के संबंध में योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में उपचित सभी लाभ केवल उन्हीं सदस्यों को प्राप्त होंगे जो योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति तक पूरी अवधि के लिये यूनिट के धारक रहे हों ।

मासिक आय यूनिट प्लान 1994 (2) [एमआईपी 94(2)] के उपबंध ।

1. प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य :

इस योजना के अंतर्गत निर्गत प्रत्येक यूनिट का मूल्य दस रुपये होगा ।

2. यूनिटों के लिए आवेदन :

(1) यूनिटों के लिए आवेदन केवल निवासियों द्वारा किये जा सकते हैं, जैसे

(क) व्यक्ति, एकल या अन्य व्यक्ति के साथ संयुक्त रूप में/उत्तरजीवी आधार पर ।

(ख) माता-पिता, सौतेला माता-पिता या नाबालिग निवासी की ओर से अन्य विधिक अभिभावक । बालिग और नाबालिग संयुक्त रूप से आवेदन नहीं कर सकता ।

(ग) योजना में यथापरिभाषित पात्र संस्था, जिसमें अप्रतिसंहरणीय और लिखत द्वारा निर्मित निजी न्यास शामिल हैं ।

(घ) मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिये कोई व्यक्ति ।

(ङ) योजना में यथापरिभाषित कोई समिति ।

(च) पंजीकृत सहकारी समिति ।

(छ) कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अंतर्गत निर्मित बैंक और अलाभकारी कम्पनी सहित अन्य नियमित निकाय लेकिन कम्पनी अधिनियम 1956 के अंतर्गत पंजीकृत अन्य कम्पनी शामिल नहीं हैं ।

(ज) हिन्दू अविभक्त परिवार ।

(2) आवेदन ट्रस्ट के अध्यक्ष/कार्यपालक न्यासी द्वारा अनुमोदित फार्म में किए जायेंगे ।

3. न्यूनतम निवेश राशि :

मासिक आय विकल्प संबंधी आवेदन न्यूनतम 500 यूनिटों के लिए और उसके बाद 50 यूनिट के गुणक में आवेदन किया जायेगा । इसी प्रकार संचयी विकल्प के अंतर्गत आवेदन न्यूनतम 200 यूनिट के लिए और उसके बाद 50 यूनिट के गुणक में किया जाएगा । दोनों में से किसी भी विकल्प में कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी ।

4. भुगतान विधि :

(1) किसी आवेदन द्वारा आवेदित यूनिटों के लिए भुगतान आवेदन पत्र के साथ नकद, चैक या ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा । जहां आवेदन यूटीआई के कार्यालयों में जमा किये जाएंगे, वहां चैक या ड्राफ्ट उस शहर में स्थित बैंकों की शाखा पर आहरित किये जाएं, जहां स्थित कार्यालय में आवेदन किया जाए ।

लेकिन जहां आवेदक ट्रस्ट से भिन्न स्थान पर आवेदन करना चाहे तो आवेदित यूनिट के लिये आवेदन पत्र के साथ देय बैंक ड्राफ्ट के लिए देय बैंक प्रभार घटाकर बैंक ड्राफ्ट भेजते हुए ऐसा कर सकता है ।

(2) यदि भुगतान चैक द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि ट्रस्ट या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र द्वारा चैक प्राप्ति की तिथि होगी, बशर्ते चैक की वसूली हो ।

यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि ऐसे ड्राफ्ट की निर्गम तिथि होगी, बशर्ते ड्राफ्ट की वसूली हो । लेकिन आवेदन ट्रस्ट द्वारा उपयुक्त समझे गए समय के भीतर ट्रस्ट या संग्रहण केन्द्र को प्राप्त हो जाए । यदि आवेदित यूनिट के लिए भुगतान की गई राशि आवेदित यूनिट के लिए देय राशि से कम हो, तो आवेदक को उतनी ही कम संख्या में यूनिटें जारी की जाएंगी, जितनी इस योजना के अंतर्गत की जा सकेंगी उसको देय शेष राशि ट्रस्ट यथोचित रीति उसके खर्च पर उसे वापस कर दी जाएगी ।

(3) सदस्यता सूचना आवेदक द्वारा दिये गये पते पर डाक द्वारा भेजी जाएगी । ट्रस्ट पर इस प्रकार प्रेषित सदस्यता सूचना के खो जाने, क्षतिग्रस्त हो जाने, गलत डिलिवरी होने या डिलिवरी नहीं होने का कोई दायित्व नहीं होगा ।

(4) ट्रस्ट द्वारा पात्र संस्था या निगमित निकाय को निर्गत सदस्यता सूचना उस पात्र संस्था/निगमित निकाय के नाम से बनाया जायेगा ।

(2) आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ट्रस्ट का होगा :

ट्रस्ट को यह अधिकार होगा कि वह अपने ही विवेक पर योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में यूनिट जारी करने के लिये आवेदन स्वीकृत और/या अस्वीकृत कर सके । योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में आवेदन करने के संबंध में किसी व्यक्ति की पात्रता या अन्यथा के बारे में ट्रस्ट का निर्णय अन्तिम होगा ।

अपूर्ण आवेदन अस्वीकृत किए जा सकते हैं :

आवेदन अपूर्ण पाये जाने पर, अस्वीकृत कर दिया जाएगा और अपेक्षित परिचालनगत और प्रक्रियागत औपचारिकताएं पूरी होने पर बिना किसी ब्याज के, चाहे जो भी हो, आवेदन राशि ट्रस्ट द्वारा यथाशीघ्र वापस कर दी जाएगी ।

(3) यूनिट जारी होने के पहले आवेदक के लिये योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान से संबंधित अपेक्षाओं को पूरा करना होगा :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में यूनिट के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों को, आवेदन करने की अपनी पात्रता के बारे में ट्रस्ट को संतुष्ट करना होगा और ट्रस्ट की सभी अपेक्षाओं को पूरा करना होगा । ऐसी अपेक्षाएं पूरी करने या नहीं करने के प्रति ट्रस्ट की संतुष्टि उसके ही विवेक पर होगी । गलत घोषणा करके यूनिट रखने वाले व्यक्ति अपनी सदस्यता के निरस्तीकरण के लिए दायी होगा और उसका नाम सदस्यों की पंजी से काट दिया जाएगा । ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वह ऐसी स्थिति में सममूल्य पर यूनिट की पुनर्खरीद करें और गलती से भुगतान किये गये आय वितरण की वसूली पुनर्खरीद आगम से करें और शेष वापस कर दें । पुनर्खरीद करने और आवेदक को पुनर्खरीद आगम भेजने में ट्रस्ट को जो भी समय लगेगा उसके लिए राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा ।

5. यूनिट की बिक्री :

ट्रस्ट द्वारा यूनिट की बिक्री संविदा, स्वीकृति तिथि को पूरी हुई समझी जाएगी । बिक्री संविदा पूर्ण होने पर ट्रस्ट यथाशीघ्र आवेदक को सदस्यता सूचना जारी करेगा । जो इस बात का साक्ष्य होगा कि योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में सदस्य के रूप में स्वीकार कर लिया गया है । प्रेषित सदस्यता सूचना के खो जाने, क्षतिग्रस्त हो जाने, गलत डिलिवरी होने या डिलिवरी नहीं होने का कोई दायित्व ट्रस्ट पर नहीं होगा ।

1. [मासिक आय यूनिट योजना और वृद्धि सहित अतिरिक्त बोनस–12 (एमआइएसजी–12) तथा बढ़ती आय यूनिट योजना-89 (जीआइयूएस-89) में यूनिट धारक को प्रतिपूर्ति विकल्प

एमआइएसजी (12) 89 की अवधि 01-07-1994 को पूरी हो जाएगी जीआइयूएस 89 की अवधि गजिना में शामिल होने की तिथि के आधार पर 01-07-1994 या 01-08-1994 को भुगतान के लिए पूरी हो जाएगी । दोनों योजनाओं के पात्र यूनिटधारकों को इस योजना (या यथास्थिति प्लान) की यूनिटों में पुनर्निवेश करने का विकल्प होगा । इस प्रयोजनार्थ यह योजना (या यथास्थिति प्लान) 1 जुलाई 1994 से 31 अगस्त 1994 तक खुली रहेगी । ऐसे सदस्यों के लिए आबंटन तिथि 1-9-1994 होगी । धारण अवधि चार वर्षों की अर्थात् 31-8-1998 तक होगी ।]

6. यूनिट की पुनर्खरीद

(1) अवरुद्ध अवधि एक वर्ष की होगी । प्रथम वर्ष (अर्थात् 30-6-1995 तक) में कोई पुनर्खरीद नहीं की जाएगी ।

(2) मासिक आय विकल्प :

ट्रस्ट दूसरे वर्ष में अंकित मूल्य के 5% तक प्रशासनिक खर्च काटकर और पिछले महीने तक का लाभांश जोड़कर सममूल्य पर यूनिट की पुनर्खरीद करेगा । तीसरे वर्ष (अर्थात् 1-7-1996)

1. 16-5-94 को जोड़ा गया ।

से यूनिट की पुनर्खरीद अंकित मूल्य के 2% तक प्रशासनिक खर्च काटकर और पिछले महीने तक का लाभांश जोड़कर सममूल्य पर होगी। सम्यक रूप से भरे गए पुनर्खरीद पत्र के साथ सदस्यता सूचना प्राप्त होने पर पुनर्खरीद की जाएगी। सूचना में अंकित सभी यूनिट पुनर्खरीद के लिए पेश की जानी चाहिए। यूनिट की आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति नहीं दी जाएगी। पुनर्खरीद के लिए आवेदन करते समय सदस्य को पुनर्खरीद माह तक के बकाया शेष अदत्त आय वितरण वारण्ट ट्रस्ट को सौंपना होगा।

ट्रस्ट पुनर्खरीद पत्र सहित सदस्यता सूचना प्राप्त होने पर भावी महीनों के लिए यूनिट पर आय वितरण का भुगतान करने के लिए बाध्य होगा और न ही पुनर्खरीद आगम पर कोई ब्याज देय होगा। प्राप्त सभी दस्तावेज और अदत्त आय वितरण वारण्ट हों, यदि निरस्तीकरण के लिए ट्रस्ट द्वारा रख लिए जाएंगे।

(3) पूर्ववर्ती उप-खंडों में अंतर्विष्ट किसी बात के बावजूद ट्रस्ट यूनिट की पुनर्खरीद करते समय सदस्य द्वारा उस समय तक बकाया आय वितरण वारण्ट की भविष्य में देय राशि पुनर्खरीद मूल्य में घटाकर सदस्य को शेष राशि का भुगतान करने के लिए स्वतंत्र होगा। ट्रस्ट को सदस्यता सूचना और पुनर्खरीद पत्र प्राप्त हो जाने के बाद सदस्य को स्वीकृति माह के आय वितरण सहित भावी आय वितरण प्राप्त करने का अधिकार नहीं रह जाएगा और ऐसे बकाया आय वितरण की राशि का दावेदार ट्रस्ट होगा।

(4) मासिक आधार पर प्रदत्त पूरे वर्ष के आय वितरण के हकदार सदस्य को पूरे वर्ष तक यूनिट रखना होगा। वर्ष के किसी भाग के लिए यूनिट रखने वाला सदस्य केवल धारण अवधि के लिए, जो हमेशा पूर्ण अंग्रेजी कैलेन्डर मास की होगी, आनुपातिक आय वितरण प्राप्त करने का हकदार होगा और माह के भाग को, चाहे वह कितने भी दिन का क्यों न हो, हमेशा छोड़ दिया जाएगा।

(5) सदस्य की मृत्यु हो जाने की स्थिति में वैध प्रतिनिधि या नामिति द्वारा सदस्यता सूचना, पुनर्खरीद पत्र और बकाया अदत्त आय वितरण वारण्ट ट्रस्ट को सौंपे जाने के बाद वह (ट्रस्ट) दावे की मान्यता संबंधी औपचारिकताएं पूरी होने पर अपने नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुसार इसमें उपर उपखंड (2) और (3) में यथावर्णित रूप में यूनिट की पुनर्खरीद करेगा और दावे की निपटान तिथि तक के बकाया मासिक आय वितरण का आनुपातिक भुगतान करेगा और ऐसा भुगतान पूरे महीने की अवधि के लिए किया जाएगा।

(6) ट्रस्ट द्वारा कटौती, यदि हो, करने के बाद पुनर्खरीद की गयी यूनिटों के लिए भुगतान स्वीकृति तिथि के बाद यथाशीघ्र आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में यथोल्लिखित रीति से किया जाएगा। आवेदक को देय राशि पर किसी भी कारण से कोई ब्याज देय नहीं होगा तथा ट्रस्ट द्वारा प्रेषित चैक या ड्राफ्ट का प्रेषण (डाक खर्च सहित) या वसूली खर्च आवेदक द्वारा वहन किया जाएगा।

(7) संचयी विकल्प :

संचयी विकल्प के मामले में ट्रस्ट दूसरे वर्ष अंकित मूल्य के 5% तक प्रशासनिक खर्च काटकर इसमें ऊपर संबंधित खंड में यथाविनिर्दिष्ट पुनर्खरीद की स्थिति में मासिक आय विकल्प के अंतर्गत प्रदत्त लाभांश के बराबर प्रतिकर की राशि जोड़कर यूनिट की पुनर्खरीद सममूल्य पर करेगा दो वर्ष पूरा होने के बाद (अर्थात 30-6-1996 तक ट्रस्ट के सदस्यों के लिए) यूनिट की पुनर्खरीद प्रति यूनिट रुपए 12.95 पर की जाएगी। तीसरे वर्ष (अर्थात् 01-07-1996 से) यूनिट की पुनर्खरीद अंकित मूल्य के 2% तक प्रशासनिक खर्च काटकर इसमें ऊपर संबंधित खंड में यथाविनिर्दिष्ट पुनर्खरीद की स्थिति में मासिक आय विकल्प के अंतर्गत प्रदत्त लाभांश के बराबर प्रतिकर की राशि जोड़कर सममूल्य पर की जाएगी। आंशिक पुनर्खरीद की भी अनुमति दी जाएगी।

7. यूनिट की पुनर्खरीद पर प्रतिबंध :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध में अंतर्विष्ट किसी बात के बावजूद ट्रस्ट यूनिट की पुनर्खरीद के लिए बाध्य नहीं होगा :

(1) ऐसे दिन, जो कार्य दिवस नहीं हो;

(2) ऐसी अवधि में जब बही और लेखे की वार्षिक बंदी (ट्रस्ट द्वारा यथाधिसूचित) के संबंध में सदस्यों की पंजी बंदी हो।

स्पष्टीकरण :

इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान के प्रयोजनार्थ शब्द "कार्य दिवस" का अर्थ वह दिन है, जो न तो

(1) महाराष्ट्र राज्य या ऐसे अन्य राज्यों में, जहां ट्रस्ट के कार्यालय हों, सार्वजनिक अवकाश के रूप में परक्राम्य लिखित अधिनियम 1881 के अंतर्गत अधिसूचित हो और न ही

(2) भारत के राजपत्र में ट्रस्ट द्वारा ऐसे दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया हो कि ट्रस्ट का कार्यालय बंद रहेगा।

8. बिक्री और पुनर्खरीद मूल्य :

(1) यूनिट की बिक्री पेशकश की अवधि में यूनिट का बिक्री मूल्य सममूल्य होगा।

(2) योजना के उपबंधों में खंड 10 में यथाविनिर्दिष्ट रीति से योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति की स्थिति में ट्रस्ट पुनर्खरीद मूल्य का निर्धारण निम्न रूप में करेगा। योजना की समाप्ति के लिए अधिसूचित तिथि को कार्य समाप्ति के समय इस योजना से संबंधित आस्तियों का मूल्यांकन किया जाएगा और उसमें योजना संबंधित देयताओं को घटाया जाएगा। उसके बाद उसमें बकाया यूनिटों से भाग देकर तथा उसमें उतनी राशि घटाकर, जो ट्रस्ट की राय में दलाली, कमीशन कर, यदि हो, स्टाम्प शुल्क तथा ट्रस्ट द्वारा निवेशों की वसूली से संबंधित अन्य खर्चों के लिए पर्याप्त हों। उसके बाद अन्य समायोजन करके तथा समाप्ति संबंधी खर्च निकलने तथा सदस्यों को योजना की आस्तियों के वितरण का भुगतान करके पुनर्खरीद मूल्य निकाला जाएगा। ऐसी स्थिति में पुनर्खरीद मूल्य ट्रस्ट के लेखा परीक्षकों द्वारा संतोषजनक रीति से तथा उसके बोर्ड के अनुमोदन से निकाली गई प्रति यूनिट आस्ति के अन्य वितरण योग्य घटकों के सममूल्य के अतिरिक्त होगा।

इस उपबंधों में अंतर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के बावजूद बोर्ड द्वारा निर्धारित रीति से आबंटन की अवधि के संदर्भ में योजना को आबंटित आस्तियों के मूल्य में भाग देकर उक्त दिवस को कार्य की समाप्ति पर यूनिट की संख्या द्वारा समान अवधि के संदर्भ में योजना से संबंधित देयताओं को घटाकर पुनर्खरीद मूल्य निकाला जाएगा। पुनर्खरीद मूल्य के ऐसे निर्धारण में ट्रस्ट और सदस्यों के हित को भी ध्यान में रखा जाएगा।

9. अंतिम पुनर्खरीद मूल्य का प्रकाशन :

योजना के उपबंधों में खंड 10 में यथा उपबंधित रीति से योजना और उसके अंतर्गत बने पलान की समाप्ति पर ट्रस्ट अंतिम पुनर्खरीद मूल्य के निर्धारण के बाद यथाशीघ्र ऐसी रीति से, अंतिम पुनर्खरीद मूल्य को प्रकाशित करेगा ।

10. सदस्यता सूचना :

योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में जारी यूनिटों की सदस्यता के संबंध में किसी सदस्य को यूनिट/सदस्यता प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा । उनको सदस्यता सूचना दी जाएगी, जो योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में सदस्य के रूप में स्वीकृति का साक्ष्य होगा ।

11. सदस्यता सूचना तैयार करने की रीति :

सदस्यता सूचना इसके साथ संलग्न फार्म 'क' के अनुसार होगी।

12. सदस्यता सूचना का विनिमय और उसके कट-फट जाने, विरूपित हो जाने, खो जाने आदि की स्थिति में प्रक्रिया :

योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में सदस्य उक्त प्रयोजनार्थ ऐसे नियमों/दिशा-निर्देशों/प्रक्रियाओं का पालन करेंगे और ऐसे दस्तावेजों का निष्पादन करेंगे, जो समय-समय पर ट्रस्ट द्वारा बनाए जाएंगे/अपेक्षित होंगे ।

13. सदस्यों की पंजी :

सदस्यों के पंजीकरण के संबंध में निम्नलिखित उपबंध लागू होंगे :

(1) ट्रस्ट द्वारा सदस्यों की पंजी रखी जाएगी और अन्य बातों के साथ-साथ पंजी में निम्नलिखित दर्ज किए जाएंगे :

(क) सदस्यों के नाम और पते;

(ख) सदस्यता सूचना की संख्या और हरेक ऐसे व्यक्ति द्वारा धारित यूनिटों की संख्या; और

(ग) जिस तिथि को ऐसा व्यक्ति अपने नाम की यूनिटों का धारक हो गया ।

(2 सदस्य की ओर से उसके नाम और पते के परिवर्तन की सूचना ट्रस्ट को दी जाएगी । ट्रस्ट ऐसे परिवर्तन से संतुष्ट होने पर और यथापेक्षित औपचारिकताएं पूरी करने पर तद्नुसार पंजी में परिवर्तन किया जाएगा । किसी अन्य व्यक्ति, जो मानसिक रूप से विकलांग हो, के लाभ के लिए यूनिट हेतु आवेदन करने वाले आवेदक की मृत्यु के परिणामस्वरूप होने वाले परिवर्तन की प्रविष्टि पंजी में तद्नुसार की जाएगी ।

(3) केवल पंजी 'बंदी' को छोड़कर, इसमें इसके बाद अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार कार्य-समय के दौरान (ट्रस्ट द्वारा यथानिर्णीत समुचित प्रतिबंधों के साथ प्रत्येक कार्य दिवस को न्यूनतम दो घंटे के लिए पंजी के निरीक्षण की अनुमति दी जाएगी) सदस्य के निःशुल्क निरीक्षण के लिए पंजी खुली रहेगी ।

(4) ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर यथानिर्धारित समय और अवधि के लिए पंजी बंद रहेगी, लेकिन एक वर्ष में 60 दिन से अधिक समय के लिए बंद नहीं रहेगी । ट्रस्ट समाचार पत्रों में या अन्य माध्यम से विज्ञापन द्वारा ऐसी बंदी की सूचना देगा ।

(5) किसी यूनिट से संबंधित कोई स्पष्ट निर्हिस और रचनात्मक सूचना पंजी में दर्ज नहीं की जाएगी ।

14. पात्र संस्थाओं, नाबालिगों और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए किसी आवेदक का आवेदन और पंजीकरण :

(1) पात्र संस्थाएं निगमित निकाय और समितियां (सहकारी समितियों के साथ) सदस्य के रूप में पंजीकृत की जाएगी ।

(2) कोई भी वयस्क, जो किसी नाबालिग का माता-पिता हो, सौतेला माता-पिता हो या विधिक अभिभावक हो, अधिनियम की धारा 21 की उपधारा (2ए) के अनुसार और उपबंधित सीमा तक यूनिट रख सकता है और क्रय-विक्रय कर सकता है । अपेक्षानुसार ऐसा वयस्क ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से नाबालिग की उम्र और नाबालिग की ओर से यूनिट रखने तथा क्रय-विक्रय करने की क्षमता का प्रमाणपत्र ट्रस्ट के समक्ष पेश करेगा । ट्रस्ट आवेदन में ऐसे व्यस्क द्वारा किए गए कथन के अनुसार बिना किसी अतिरिक्त प्रमाणपत्र के ट्रस्ट को कार्य करने का अधिकार होगा ।

(3) जहां किसी अन्य व्यक्ति, जो मानसिक रूप से विकलांग है, के लाभ के लिए ट्रस्ट किसी व्यक्ति द्वारा आवेदन किया जाए वहां ट्रस्ट प्रस्तुत कथन और प्रमाणपत्र के आधार पर कार्य करेगा और ऐसा करने में यह समझा जाएगा कि ट्रस्ट सद्भावपूर्वक कार्य कर रहा है । ट्रस्ट को हक होगा कि वह केवल आवेदक के साथ व्यवहार करे और उसकी मृत्यु की स्थिति में सभी व्यावहारिक प्रयोजनों के लिए वैकल्पिक आवेदक के साथ व्यवहार करे तथा उक्त आवेदक या वैकल्पिक आवेदक को ट्रस्ट द्वारा यूनिट के संबंध में किया गया भुगतान ट्रस्ट के लिए सही उन्मोचन माना जाएगा ।

(4) पात्र संस्थाओं, निगमित निकाय या समितियों से जब कभी अपेक्षा की जाएगी, उन्हें यूनिट में निवेश करने की आवेदक की क्षमता से संबंधित सभी संबंधित दस्तावेज, जैसे संस्था के अंतर्नियम और बहिर्नियम उप-विधियों आदि प्रबंध निकाय द्वारा बहिर्नियम उप-विधियों आदि प्रबंध निकाय द्वारा मुख्तारनामा की प्रति ट्रस्ट के समक्ष पेश करनी होगी ।

15. ट्रस्ट के उन्मोचन करने के लिए सदस्य द्वारा रसीद :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की यूनिट के संबंध में सदस्य को प्रदत्त राशि के लिए उसके द्वारा दी गई रसीद ट्रस्ट के प्रति अच्छा उन्मोचन होगा ।

16. सदस्यों द्वारा नामांकन :

(1) एकल या संयुक्त रूप से यूनिट रखने वाले दो सदस्य विनियमों में उपबंधित सीमा तक नामांकन करने या निरस्त करने के अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं ।

(2) सदस्यों को जो माता-पिता होगा किसी नाबालिग की ओर से वैकल्पिक अभिभावक तथा पात्र संस्था, समिति, निगमित निकाय और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए यूनिट हेतु आवेदन करने वाले आवेदक को नामांकन करने का अधिकार नहीं होगा।

17. सदस्य की मृत्यु या दिवालियापन.

(1) यूनिट के संयुक्त सदस्यों में किसी एक की मृत्यु हो जाने पर ट्रस्ट द्वारा जीवित व्यक्ति को ही योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की यूनिटों के हकदार होने या उनके हिताधिकारी होने की मान्यता दी जाएगी। लेकिन इसमें अंतर्विष्ट कोई भी बात उक्त यूनिटों के संदर्भ में ऐसे जीवित व्यक्ति के विरुद्ध किसी अन्य व्यक्ति के किसी अधिकार को प्रभावित नहीं करेगा।

(2) किसी एकल सदस्य की मृत्यु की स्थिति में ट्रस्ट द्वारा विनियमावली के अंतर्गत यूनिट के संबंध में और ट्रस्ट द्वारा देय राशि के हकदार व्यक्ति के रूप में ट्रस्ट द्वारा मान्यता दी जाएगी।

